I/745/2023

संख्या :   /जी0एस0(शिक्षा)/A11-42(3)/2022

प्रेषक,

रविनाथ रामन,
कुलाधिपति के सचिव।

सेवा में,

कुलपति,
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल।

राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालय : उत्तराखण्ड   देहरादून दिनांक 28 अगस्त, 2023

महोदय,

कृपया कुलसचिव, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः 8960 दिनांक 20.01.2023 एवं पत्र संख्या 8961, दिनांक 20.01.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें फोनिक्स ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन, ईमलीखेड़ा, भगवानपुर, हरिद्वार को बी0सी0ए0, बी0बी0ए0, बी0एससी0 (आई0टी0), बी0एससी0 (कम्प्यूटर साइंस) एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2021–22 एवं 2022–23 हेतु अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण प्रस्ताव संस्तुति सहित इस सचिवालय को उपलब्ध कराया गया है।

2– उक्त सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निरीक्षण मण्ड़ल की आख्या, कुलसचिव एवं कुलपति की संस्तुति के आधार पर श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अधिनियम–2011 (यथा संशोधित) के अध्याय–06 की धारा–33(1) के अन्तर्गत संस्थान को निम्न तालिका के अनुसार उसके नाम के सम्मुख वर्णित पाठ्यक्रमों, सीटों एवं अवधि के अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण प्रस्ताव पर मा0 कुलाधिपति द्वारा निम्न उपबन्धों के साथ अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की गई है :–

क्रमांक	महाविद्यालय/संस्थान का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु स्वीकृत सीट संख्या	शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु स्वीकृत सीट संख्या
1	2	3	4	5
01	फोनिक्स ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन, ईमलीखेड़ा, भगवानपुर, हरिद्वार।	बी0सी0ए0	60 सीट	120 सीट
		बी0बी0ए0	120 सीट	120 सीट
		बी0एससी0 (आई0टी0)	60 सीट	60 सीट
		बी0एससी0 (कम्प्यूटर साइंस)	60 सीट	60 सीट
		बी0कॉम0	120 सीट	120 सीट

- निरीक्षण मण्डल की आख्या एवं कुलपति की संस्तुति के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद, U.G.C विनियमों व नियामक संस्था के मानकों के पूर्ण करने की दशा में सम्बद्धता सम्बन्धी आदेश निर्गत करने की कार्रवाई करें व विश्वविद्यालय तत्सम्बन्धी कृत कार्रवाई की सूचना मा0 कुलाधिपति महोदय के अवगतार्थ 02 माह में उपलब्ध करायें।
- संस्थान से पाठ्यक्रमानुसार निर्धारित प्राभूति के रूप में एफ0डी0आर0 बंधक रखवाते हुए तत्सम्बन्धी अभिलेख इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का दायित्व विश्वविद्यालय का होगा।

Generated from eOffice by SACHCHIDA NAND CHAMOLI, SO-SNC, SECTION OFFICER, Rajbhawan on 28/08/2023 01:38 pm

I/745/2023

- विश्वविद्यालय संस्थान से Trust Act के अन्तर्गत निर्धारित Legal Obligation एवं Annual Balance Sheet के सम्बन्ध में साक्ष्य सहित 02 माह के भीतर इस सचिवालय को उपलब्ध करायेगा साथ ही अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्तावों में भी तथ्यों का उल्लेख किया जाए।
- संस्थान द्वारा ध्ययनरत् छात्रों की प्रायोगिक शिक्षा और इंटर्नशिप/विजिट के लिए किन समूहों, विभागों एवं कम्पनियों के साथ अनुबन्ध (MOU) किया गया है। तत्सम्बन्धी अभिलेख 02 माह के भीतर अनिवार्य रूप से इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का दायित्व विश्वविद्यालय का होगा।
- अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्ताव विनियम/नियामक संस्था एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण होने की दशा में ही स्वीकार्य होंगे अन्यथा की स्थिति अपूर्ण प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसका पूर्ण दायित्व विश्वविद्यालय का होगा।

भवदीय,

Signed by Ravinath Raman
Date: 26-08-2023 16:02:20

(रविनाथ रामन)
कुलाधिपति के सचिव।

संख्या : 745/जी0एस0(शिक्षा)/**A11-42(3)**/2022 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
1. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, हल्द्वानी।
3. प्रबन्धक/प्राचार्य– सम्बन्धित संस्थान।
4. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल हेतु।

आज्ञा से,

(स्वाति एस0 भदौरिया)
कुलाधिपति के अपर सचिव।

Generated from eOffice by SACHCHIDA NAND CHAMOLI, SO-SNC, SECTION OFFICER, Rajbhawan on 28/08/2023 01:38 pm